'' धन्यवाद तथा लीडरशिप अनुभव दिवस''

आज 29/11/19 मोंटफोर्ट स्कूल, पटेल नगर में धन्यवाद तथा लीडर शिप अनुभवदिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कक्षा 12वीं के केबिनेट मैम्बर्स द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय केबिनेट के सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर सर्वप्रथम हेड बॉय रूशान राणा तथा हेड गर्ल नेहा शर्मा द्वारा धन्यवाद दिवस का महत्व बताते हुए अपने सभी अध्यापक अध्यापिकाओं का हृदय से धन्यवाद दिया तथा विद्यार्थी जीवन में गुरू की महिमा वर्णन किया। तत्पश्चात् केबिनेट के प्रत्येक सदस्य द्वारा स्कूल में प्रवेश लेने से अब तक अपने–अपने अनुभव शेयर किए।

इस अवसर पर भाभा हाऊस के कैप्टन शिवम मोदक द्वारा एक सुमधुर गीत गाया गया। राज सिसोदिया द्वारा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई तथा कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी गई जिसने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ,उप प्राचार्य बाला जोसफ ,सिस्टर ,ज्योति मैडम तथा सभी शिक्षक–शिक्षिकाएँ उपस्थित थीं। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. के आशीर्वाद के साथ हुआ।